आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए करीब उन्यासी हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को दी मंजूरी। रक्षा मंत्री ने रक्षा खरीद नियमावली दो हजार पचीस भी जारी किया।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अग्निशमन विभाग की समीक्षा की। कहा– विभाग को आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के लिये किया जाये तैयार।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन के वॉर रूम से की विशेष रेलगाड़ियों की समीक्षा। छठ पूजा से पहले रेलवे की तैयारियों पर भी हुई चर्चा।
- देश भर में नहाय खाय के साथ कल से होगी छठ पर्व की शुरुआत।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने कल सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग उन्यासी हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी। एक रिपोर्ट–

**रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेना के लिए, नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ई.एल.आई.एन.टी. सिस्टम और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ तीव्र गति से चलने वाले वाहनों की खरीद के लिए अनुमति दी गई। नौसेना के लिए, लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स 30 मिलीमीटर नेवल सरफेस गन, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रा–रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिलीमीटर सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट गोला–बारूद की खरीद को भी स्वीकृति दी गई है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

रक्षा मंत्री ने कल ही नई दिल्ली में रक्षा खरीद नियमावली दो हजार पचीस भी जारी किया। नई नियमावली एक नवम्बर से प्रभावी होगी। इससे तीनों सेनाओं और रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा लगभग एक लाख करोड़ रुपये की राजस्व खरीद संभव हो जायेगी। रक्षामंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नई नियमावली प्रक्रियाओं को सरल बनाएगी और कार्यप्रणाली में एकरूपता लाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अग्निशमन विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक और संवेदनशील बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। एक रिपोर्ट–

**अग्निशमन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियो लॉजिकल दुर्घटनाओं और सुपर हाईराइज बिल्डिंग में आपात परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। उन्होंने प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित करने और राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण और अनुसंधान को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही एक्सप्रेस–वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित करने के भी निर्देश दिए। समाचार कक्ष से शरद मिश्र।**

**********

प्रदेश सरकार ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षकों को तत्काल अपनी मूल तैनाती स्थल पर वापस जाने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इससे सम्बन्धित जारी आदेश में कहा है कि शिक्षक व अन्य अधिकारी अपनी मूल तैनाती पर जाने के साथ ही भविष्य में बिना शासन की अनुमति के कहीं और संबद्ध न किये जाएं।

**********

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नए जीएसटी सुधार से लोगों को मिल रहे लाभ को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के तहत 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों पर जीएसटी दर को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया गया है। इसी तरह 1800 सीसी से कम इंजन वाले ट्रैक्टरों पर अब केवल पांच प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। जबकि पहले यह दर 12ः हुआ करती थी। वहीं, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए जीएसटी 2.2 के अंतर्गत 10 से अधिक सीटों वाले बसों पर जीएसटी दर घटाकर 18ः कर दी गई है। दूसरी ओर, मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 1200 सीसी तक की पेट्रोल कारों और 1500 सीसी तक की डीजल कारों पर कर को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया है। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कल नई दिल्ली में रेल भवन के वॉर रूम से विशेष रेलगाडियों की समीक्षा की। उन्होंने छठ पूजा से पहले रेलवे की तैयारियों पर भी चर्चा की। त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रियों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए वॉर रूम की स्थापना की गई है। रेल मंत्री ने कहा कि देश भर में तीन स्तरीय वॉर रूम हैं। यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिये डिवीजन, जोनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर वॉर रूम बनाये गये हैं। पर्व को देखते हुए नियमित ट्रेन

सेवाओं के अलावा चार दिनों के दौरान प्रतिदिन औसतन तीन सौ विशेष रेलगाडियों के साथ कुल एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से रोजाना तीस स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

**रोज 30 से 40 ट्रेन एक्स्ट्रा चला रहे हैं जो दिवाली का बाद वाला सैटरडे संडे होता है और छठ से पहले वाला और छठ के बाद वाला वीकेंड पर करीब 40 के आस–पास ट्रेनें चल रही हैं और जो रेस्ट ऑफ द वीक डेज में करीब 30 ट्रेनें पर डे एक्स्ट्रा चल रही हैं। गोरखपुर में हमने पांच होल्डिंग एरिया बनाए हैं जिसमें करीब पांच से 6,000 आदमी एट एनी पॉइंट ऑफ टाइम 24 आवर्स बैठ सकते हैं पैसेंजर के बैठने के लिए, लेटने के लिए, सोने का अरेंजमेंट भी है।**

यात्रियों ने भी त्योहारों पर बेहतर अनुभव के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्थाओं की सराहना की है। इटावा के चंद्रवीर सिंह ने कहा कि स्पेशल ट्रेनों के चलने से लोग सुगमता से यात्रा कर रहे हैं।

**जो स्पेशल ट्रेनें चलाई गई है, उसका फायदा यात्रियों को भी मिल रहा है और भीड़ नहीं है, मारामारी कम है। यह सरकार का बड़ा सराहनीय कदम है जो कि यात्रियों के लिए बहुत अच्छा है। आराम से आदमी आ जा पा रहा है।**

**********

छठ पर्व को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां तेज हो गई हैं। छठ पूजा की शुरुआत कल नहाय–खाय के साथ होगी। छब्बीस अक्टूबर को खरना होगा और सत्ताईस अक्टूबर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। अट्ठाइस अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सत्ताईस अक्टूबर को लखनऊ में सूर्य को पहला अर्घ्य देकर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

**********

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन के समय में बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जारी शीतकालीन समय सारिणी के अनुसार श्रद्धालु अब सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक श्रीरामलला के दर्शन कर सकेंगे।

**********

उत्तराखंड के श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट कल पारंपरिक रीति–रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ बंद कर दिए गए। एक रिपोर्ट–

**कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली चार धाम से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई। इसके बाद अगले छह माह तक बाबा केदार के भक्त ऊखीमठ में अपने आराध्य के दर्शन कर पूजा–अर्चना कर सकेंगे। वहीं, उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां यमुना की डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल खरसाली के लिए रवाना हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदार नाथ के कपाट बंद होने के अवसर पर श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। साक्षी सिंह आकाशवाणी समाचार कक्ष देहरादून।**

**********

आज विश्व पोलियो दिवस है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य कर्मियों और नागरिकों का अभिनंदन किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि पोलियो–मुक्त भारत हमारे सामर्थ्यवान स्वास्थ्य कर्मियों, जनसेवकों और जागरूक नागरिकों के भगीरथ प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 'दो बूंद जिंदगी की' मंत्र ने पोलियो को हराने के साथ ही 'स्वस्थ भारत–सशक्त भारत' की नींव रखी है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस के गिरावट की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार तीन दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। साथ ही अट्ठाइस अक्टूबर तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभागों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********